an>

Title:Need to regularize the services of such employees of Postal department who have put in more than 30 years of service.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : महोदया, मैं शून्य काल में आपके माध्यम से शासन को विनती करना चाहता हूँ कि पूरे देश में कम से कम साढ़े तीन लाख पोस्ट ऑफिसेज में करीब साढ़े तीन लाख कर्मचारी पिछले कई वÂ◌ा◌ा◌ें से टेम्परेरी बेसिस पर काम कर रहे हैं। इन साढ़े तीन लाख कर्मचारियों की सेवा कम से कम 30-35 साल हो चुकी है। उनको सरकार के नियमानुसार तनख्वाह नहीं मिल रही है। सरकारी शासन की कोई भी सेवा, सुविधा उन्हें उपलब्ध नहीं हुई है। उन्हें सरकार के माध्यम से जो भी फायदा मिलना चाहिए, वह आज तक नहीं मिला। वÂ◌ा◌ा◌ें तक सेवा करने के बाद भी जब वे रिटायर हो रहे हैं तो उन्हें पैंशन नहीं मिल रही है, ग्रैच्युटी नहीं मिल रही है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि हिन्दुस्तान के 30-35 साल से काम करने वाले पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों के बारे में सहानुभूति रखें और टेम्परेरी स्थिति में काम करने वाले कर्मचारियों को भविÂय में आधार देने का काम करें। केन्द्र सरकार के माध्यम से उनकी सेवा कायम करने का आदेश कैसे हो सकता है, इस बारे में ध्यान दें।

माननीय अध्यक्ष :

श्री निशिकांत दुबे,

कुमारी शोभा कारान्दलाजे,

श्रीमती मीनाक्षी लेखी,

श्रीमती संतोÂ◌ा अहलावत,

श्रीमती रीती पाठक,

श्री प्रहलाद सिंह पटेल,

श्री पी.पी. चौधरी,

श्री अरविंद सावंत,

श्री राजन विचारे,

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु और

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री विनायक भाऊराव राऊत द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।